>

Title: Need to include people belonging to Dhangar community of Maharashtra in the list of Scheduled Tribe.

श्री दानवे रावसाहेब पाटील (जालना): महाराष्ट्र में अनुसूचित जनजाति का दर्जा लागू करने के लिए धंगर समुदाय बड़े लंबे समय से आंदोलन करते आ रहे हैं।

मानवजाति विज्ञान की तथ्य के रिपोर्ट के अनुसार धंगड़ और धंगर एक ही जाति है जो चरवाहों की जाति है। यही कारण है कि दोनों शब्द एक ही एक समुदाय का है, जो महाराष्ट्र के चरवाहों से जुड़े हुए हैं। महाराष्ट्र राज्य ने दो बार भारत सरकार को अनुसूचित जनजाति की सूची में धंगर समुदाय को शामिल करने की सिफारिश की थी। 1989 में भी कैग रिपोर्ट में धंगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल किए जाने की सिफारिश की गई थी।

इसलिए यह विनम्रतापूर्वक सरकार को अनुरोध किया जा रहा है कि इस मामले में हस्तक्षेप कर धंगर समुदाय को महाराष्ट्र राज्य में सामाजिक न्याय प्रदान करें।